Bijson

Experience : You can Trust

# ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (SLWM)



**बिजसन इनोवेशन्स् प्रा.लि.** ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रबन्धन एवं निपटान में विशेष अनुभव एवं योग्यता रखती है।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्रामीण स्तर पर इस अभियान को सफलता पूर्वक लागू करने के लिए हमारी कम्पनी सम्पूर्ण समाधान मय टैक्नोलोजी उपलब्ध करवाती है एवं स्वच्छ भारत अभियान की गाईड लाईन का अनुसरण करती है।

## *हमारा तकनीकी समाधान*

वर्तमान समय में ग्राम स्तर पर घरों से निकलने वाले ठोस एवं तरल कचरे का उचित निस्तारण नहीं होता है जिसके कारण पूरे गांव में हर स्थान पर गंदगी फैलती है और कचरा गलियों व नालियों में पड़ा रहता है और सड़ता है जो वायु व जल प्रदूषण का कारक होता है। इसके फलस्वरूप ग्रामवासियों को विभिन्न तरह की सक्रांमक बीमारियां होने की सम्भावना होती है और उनके जीवन स्तर में गिरावट आती है।

हमारी कम्पनी **बिजसन इनोवेशन प्राईवेट लिमिटेड़** ठोस कचरे के प्रबन्धन के लिए प्रत्येक घर को दो अलग–अलग कचरा पात्र उपलब्ध करवाकर कचरे को एकत्रित करती है। प्रत्येक गली एवं मौहल्ले में बड़े कचरा पात्र रखवाकर कचरे को सड़कों पर फैलने से रोकती है।

कचरे का प्रत्येक घर से इकट्ठा करवाकर अजैविक कचरे को यार्ड में ले जाकर कचरे की छंटनी की जाती है। जैविक कचरे को हमारी कम्पनी के द्वारा विशिष्ट FRP मैटेरियल से निर्मित बायो CNG प्लान्ट में डालकर निपटान किया जाता है। यह प्लांट स्वतः कार्य करता है एवं इसके परिचालन में बिजली की आवश्यकता नहीं होती है। बायो CNG प्लान्ट जैविक कचरे को भोजन बनाने की गैस में परिवर्तित कर देता है, इस गैस को राजकीय विद्यालयों में बनने वाले मिड–डे मील के उपयोग में लिया जा सकता है, जिससे ईंधन खर्च में बचत होती है। इसके अलावा अंतिम उत्पाद के रूप में प्लान्ट से जैविक खाद भी प्राप्त होती है।





यह खाद विशुद्ध रूप से जैविक होती है। इस जैविक खाद से जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा सकता है जिसके फलस्वरूप मृदा की गुणवत्ता उच्च होकर अधिक मात्रा में फसल प्राप्त की जा सकती है। इस जैविक खाद को पंचायत द्वारा विक्रय कर आय भी प्राप्त की जा सकती है। अजैविक कचरे में से पुनर्चक्रण (Recyclable) हो सकने वाले कचरे को छांट कर उसका बेचान किया जाता है।

तरल कचरे के प्रबन्धन के लिए कम्पनी नालियों की सफाई के साथ घरों से आने वाले गंदे पानी को ग्राम के बाहर Waste Stabilization Pond (WSP) Technology एवं Anaerobic Denaturalized Waste Treatment के द्वारा परिशोधन करती है। इस परिशोधित जल को कृषि प्रायोजन में लिया जा सकता है। हमारी कम्पनी ग्राम की गलियों एवं नालियों की सफाई का समाधान भी करती है।

हमारी कम्पनी ग्राम की महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा मासिक धर्म के दौरान प्रयुक्त किये जाने वाले सैनिटरी पैड के निस्तारण के लिए विशेष प्रकार की मशीन उपलब्ध करवाती है जिसके द्वारा सैनिटरी पैड का निपटान वैज्ञानिक तरीके से किया जाता है। इससे ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं में होने वाली सक्रांमक बीमारियों को कम किया जा सकता है।

भारत सरकार के द्वारा इन बायो CNG प्लान्ट को बढ़ावा देने के लिए एक्साइज से मुक्त रखा गया है एवं ये प्लान्ट CSR (Corporate Social Responsibility) के तहत भी उपलब्ध है।

## *फायदे–:*

- ★ वैज्ञानिक विधि से ग्राम स्तर पर ही कचरे का निस्तारण
- ★ गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचाव
- ★ प्रदूषण कम करने में सहायक
- ★ हरित ऊर्जा का स्त्रोत
- ★ कचरे से आय का साधन
- ★ स्वच्छ भारत अभियान में सहभागिता
- ★ जैविक खाद :– मृदा एवं कृषि की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक





- ★ सी एन जी गैस :– राजकीय विद्यालय में बनने वाले मिड–डे मील में ईंधन की खपत कम करने में सहायक
- ★ जमीनी स्तर पर रोजगार सृजन
- ★ त्वरित स्थापना एवं क्रियान्वयन
- ★ सैनेटरी पैड निस्तारण के लिए सयंत्र
- ★ सूचना, शिक्षा एवं संचार के माध्यम से जन साधारण में जन चेतना एवं उनकी सहभागिता
- ★ बेहतर जल प्रबन्धन
- ★ जल जनित रोगों से बचाव

## ग्राम स्तर पर
## ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (SLWM)

### ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की प्रक्रिया




| गीला कचरा | सुखा कचरा |
|---|---|
| सब्जी एवं छिलके | प्लास्टिक |
| फल एवं छिलके | काँच |
| पका हुआ खाना | कागज |
| बचा हुआ खाना | लोहे के टुकडे |
| फूल–पत्तियाँ | लकड़ी |
| मिठाइयाँ | कपड़ा व रबड |





- ❖ सीएनजी गैस से राजकीय विद्यालय में बनने वाले मिड डे मील में ईंधन की बचत
- ❖ जैविक खाद के विक्रय से जैविक खेती को प्रोत्साहन व ग्राम पंचायत को आय

भारत सरकार द्वारा ग्राम स्तर सफाई एवं स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए निम्न राशि का प्रावधान किया गया है –

| ग्राम पंचायत / आबादी | राशि |
|---|---|
| 150 परिवार | 7 लाख |
| 300 परिवार | 12 लाख |
| 500 परिवार | 15 लाख |
| 500 परिवार से अधिक | 20 लाख |

इस राशि में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार का 75 : 25 के अनुपात में योगदान है। इसके अतिरिक्त कोष चौदहवे वित्त आयोग, स्वच्छ भारत कोष, सीएसआर एवं ग्राम पंचायत से लिया जा सकता है।




### हमारे अन्य उत्पाद

- बायो CNG प्लान्ट
- जैविक खाद प्लान्ट
- सैनेटरी पैड निस्तारण प्लान्ट
- उन्नत बायोमास चूल्हा
- बायोमास पिलेट
- बायो कोल
- बायोमास गैसी फायर
- वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम
- आर.ओ. प्लान्ट
- गोबर गैस प्लान्ट

Bijson Innovations Pvt. Ltd

Adm.Office : 3rd Floor, Tilak Bhawan, opp. Udyog Bhawan, 5A, Tilak Marg C- Scheme, Jaipur(Raj.) -302001
L : + 0141 402 13 12, M : + 91 82333 33000/+91 94626 21900
web : www.bijson.com, mail : info@bijson.com